सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:22
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 37.0
न्यूनतम 24.6

ढूंढना है तो ख्याल करने वाला ढूंढो, क्योंकि आपका इस्तेमाल करने वाले तो खुद आपको ढूंढ लेंगे।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21
मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पादक-9837042840, 9412710840
सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-185 | मंगलवार 06 जुलाई, 2021 | आषाढ, कृष्ण पक्ष -द्वादशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह से बड़ा कोई नेता नहीं है : मनीष तिवारी



इसका मतलब आप नवजोत सिंह सिद्धू को नहीं जानते....

# सरकार के आदेशों के बाद खुले जिम, स्पोर्ट्स स्टेडियम व सिनेमा हॉल









मुजफ्फरनगर, ५ जुलाई (बु.)। प्रदेश की योगी सरकार ने २ जुलाई को ही आदेश पारित कर दिये थे कि ५ जुलाई से जिम, सिनेमा हॉल व स्पोर्ट्स स्टेडियम खोले जा सकेंगे। उसी के अनुसार आज शहर के जिम व सिनेमा हॉल खुल गए। सिनेमा हॉलों में अभी भीड़ नदारद ही रही, जबकि जिम पूरी तरह संचालित दिखाई दिये। हालांकि चोरी छिपे जिमों में तो पहले से ही कम संख्या में लोग जा रहे थे, मगर अब सरकार के आदेश के बाद जिम पूरी तरह से आबाद होते दिखाई दिये। जिमों में आज पूरी तरह भीड़ देखने को मिली, मगर सिनेमा हॉल में जाने में अभी लोगों की दिलचस्पी नहीं दिखाई पड़ रही, क्योंकि वॉलीवुड का धंधा भी इस समय चौपट हालातों में है। पिछले वर्ष से कोरोना काल की काली छाया ने बॉलीवुड को भी घाटे में लाकर रख दिया है। लम्बे समय से कोई ऐसी फिल्म बड़े पर्दे पर लॉन्च नहीं हो पाई, जिसका चार्म लोगों को सिनेमा हॉल की तरफ खींचता हो। इसलिए सोमवार को पहले दिन सिनेमा हॉल पूरी तरह से खाली रहे। हालांकि सिनेमा हॉलों में सरकार द्वारा एक सीट पर एक बैठने की छूट दी है, मगर सिनेमा हॉल मालिकों का कहना है कि अभी तो चाहे चार सीट छोड़कर एक आदमी बैठ जाए, इतनी जगह सिनेमा हॉल में खाली पड़ी है। कोरोना काल के बाद किसी का भी सिनेमा हॉल की ओर पैर ही पड़ने को तैयार नहीं है। ऐसे में अभी लम्बे समय तक सिनेमा उद्योग घाटे में ही चलता दिखाई देगा, वहीं तीसरी ओर स्पोर्ट्स स्टेडियम भी आज पूरी तरह खुले दिखाई दिये, लेकिन स्वीमिंग पूल बंद होने के कारण स्पोर्ट्स स्टेडियम जाने वाले लोग निराश दिखे। बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल आदि खेल खेलने वालों में उत्साह का माहौल था। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार उक्त सभी को मुख्य द्वार पर पल्स ऑक्सीमीटर इन्फ्रारेड थर्मामीटर, सैनेटाइजर के साथ कोविड हेल्पडेस्क स्थापित कराये जाने के साथ साथ आगन्तुकों को मास्क, दो गज की दूरी व कोविड-१६ प्रोटोकॉल के चलते अन्य सावधानियां बरतने हेतु निर्देशित किया है। इन सावधानियों के साथ ही अभी सिनेमा हॉल एवं जिम खुल पाए हैं।

## स्वीमिंग पूल संचालकों पर भी मेहरबां हो जाओ सरकार ...

मुजफ्फरनगर, ५ जुलाई (बु.)। सबकुछ खुल चुका है, ऐसे में स्वीमिंग पूल का न खुलना स्वीमिंग पूल संचालकों को अखर रहा है। दरअसल स्वीमिंग पूल का व्यवसाय गर्मियों में जोरदार तरीके से चलता है। इसी कारण शहर के अंदर ही कई स्वीमिंग पूल खुल चुके हैं, जिसमें रामपुर तिराहा, पचैंडा रोड, काली नदी पुल पार आदि कई स्थानों पर स्वीमिंग पूल में बच्चे और बड़े गर्मी में ठण्डक पाने को स्वीमिंग पूलों पर घंटों-घंटों आनन्द लेते देखे जा सकते हैं। मगर कोरोना काल के चलते पिछले दो वर्षों से स्वीमिंग पूल संचालित नहीं हो पाए। हालांकि चोरी चोरी उक्त स्वीमिंग पूल भी कई बार पुलिस प्रशासन को खुले दिखाई पड़े हैं, मगर उक्त स्वीमिंग पूलों की शिकायत होने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा बंद करा दिये गए। ऐसे में स्वीमिंग पूल व्यवसाइयों का कारोबार पूरी तरह से ठप्प पड़ा है। व्यवसाई ऐसे में प्रशासन से गुहार लगाते दिखाई पड़ रहे हैं कि वे भी बेरोजगार हो चुके हैं, इस कारण कारोना नियमों का पालन करते हुए स्वीमिंग पूल खोलने के भी आदेश सरकार द्वारा दिये जाने चाहिएं। जिस तरह अन्य कारोबारों में सैनेटाइजर, सोशल डिस्टेंस का पालन हो रहा है, ठीक उसी तरह वे भी इन सब नियमों का पालन कर स्वीमिंग पूल चलाने को तैयार हैं। अब देखना यह होगा कि आखिर सरकार स्वीमिंग पूल मालिकों पर कब तक मेहरबान होगी।

## भूकंप : दिल्ली-एनसीआर में महसूस किए गए झटके

नयी दिल्ली 05 जुलाई ( वार्ता )। सोमवार रात दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के अनुसार हरियाणा का झज्जर केंद्र रहा। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक सोमवार रात 10:36 बजे हरियाणा के झज्जर से 10 किमी उत्तर में 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। भूकंप के झटकों से लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर आ गए।

## पुलिस ने नौकर को बंधन मुक्त कराया

रतनपुरी, ५ जुलाई (बु.)। मालिक द्वारा बंधक बनाए गए नौकर को पुलिस ने मुक्त करा लिया। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी निवासी आसिफ पिछले करीब एक वर्ष से रतनपुरी क्षेत्र के गांव डबल निवासी किसान ओमपाल पुत्र राजबल के यहां घरेलू नौकर के रूप में खेतीबाड़ी का काम करता था। नौकर आसिफ किसान ओमपाल के पास ही रहता था। आसिफ ने आरोप लगाया कि उसके मालिक ओमपाल ने उसे पिछले एक वर्ष से कोई रुपया नहीं दिया और न ही उसका कोई हिसाब किया। जब भी वह हिसाब किताब करने की बात करता, तो ओमपाल उसके साथ मारपीट करता था। सोमवार को पीड़ित आसिफ ने किसी अन्य ग्रामीण की सहायता से बंधक बनाकर रखने की सूचना रतनपुरी पुलिस को फोन पर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस नौकर आसिफ को बंधन मुक्त कराकर अपने साथ थाने ले आयी। उधर आरोपी किसान ओमपाल को थाने लाया गया। पुलिस ने अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में नौकर आसिफ के मजदूरी के २१ हजार रुपये ओमपाल से दिलवाए तथा आसिफ का उसके गृहनगर सिलीगुड़ी जाने के लिए रेल का रिजर्वेशन भी कराया। इसके बाद आसिफ को उसके घर के लिए रवाना किया गया।

## जिला पंचायत सदस्य को मिली जमानत

मुजफ्फरनगर, ५ जुलाई (बु.)। जिला पंचायत सदस्य को अश्लील फोटो वायरल मामले में आज जमानत दे दी गयी। उक्त मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने वायरल फोटो मामले में राहत देने के साथ-साथ वायरल फोटो को संदिग्ध माना है। बताते चलें कि गत् दिवस शाहपुर थाने के गांव कसेरवा निवासी एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराया था कि रालोद के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य यूनुस ने उसकी बेटी का अश्लील फोटो फेसबुक आईडी के जरिए वायरल किया है। इसी आधार पर विभिन्न धाराओं में शाहपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। गत् दिवस सीओ बुढ़ाना ने जिला पंचायत सदस्य की गिरफ्तारी के लिए टीम भी गठित की थी। उक्त मामले में ही सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय विभा घामा के न्यायालय में सुनवाई हुई, जहां आरोपी पक्ष ने सत्ता के दबाव में मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। वहीं दूसरी ओर जिला पंचायत सदस्य की पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने पैरवी के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट को बताया कि उक्त सारा मामला सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को वोट देने का माना जाये, क्योंकि यूनुस चौधरी रालोद का सदस्य है, इसलिए उस पर उक्त संगीन आरोप लगाकर सत्ताधारियों ने उन्हें अपने पक्ष में करने का प्रयास किया, मगर जब यूनुस चौधरी ने दबाव में आने से साफ इंकार कर दिया तो उन पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। न्यायालय ने जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए जिला पंचायत सदस्य की जमानत स्वीकार कर ली है।

## रेस्टोरेंटों में भी अब दिखने लगी चहल-पहल



*मुजफ्फरनगर, ५ जुलाई (बु.)। लॉकडाउन खुलने के कुछ दिन बाद सरकार द्वारा ५० प्रतिशत क्षमता के साथ रेस्टोरेंटों को खुलने की इजाजत दे दी गयी थी। शुरू में लोग रेस्टोरेंटों में जाने से डरते दिखाई पड़े, मगर अब रेस्टोरेंट मालिकों के चेहरों पर मुस्कान लौटने लगी है। सोशल डिस्टेंस के नियमों के साथ अब रेस्टोरेंट चहकते दिखाई पड़ रहे हैं और जनपद के लोग फैमिली के साथ रेस्टोरेंटों में जाना पसन्द कर रहे हैं। सोमवार को जिम व सिनेमा खुलने के साथ-साथ जब रेस्टोरेंटों पर नजर दौड़ाई गयी, तो रात के समय लोग अपने परिवारों के साथ रात्रि भोजन करते दिखाई दिये। प्रकाश चौक स्थित रिशी स्वीट्स पर साऊथ इंडियन फूड के चटकारे लेते लोग दिखाई पड़े। परिवार के साथ आये बच्चों ने चाऊमीन, डोसा, आइसक्रीम, कोल्ड कॉफी आदि तरह-तरह के व्यजनों का आनंद लिया और बहुत दिनों से इंतजार कर रही चटोरी जीभ को पूरी तरह शौकीन मिजाज बना दिया। शहर के अन्य रेस्टोरेंटों में भी भीड़ का आलम कुछ ऐसा ही दिखाई पड़ा। रेस्टोरेंटों के साथ-साथ टाऊन हॉल के बाहर भी भारी-भरकम भीड़ दिखाई दी, मगर यहां सोशल डिस्टेंस के नियमों का पालन कम ही होता दिखाई पड़ा। पहले की तरह ही टाऊन हॉल के बाहर लोग एक दूसरे से सटे दिखाई दिये, प्रत्येक ठेले पर १०-१५ लोगों की भीड़ विभिन्न व्यंजनों की के चटकारे लेती दिखाई दी।*

## सीबीएसई ने इस साल के एकेडमिक सेशन को दो हिस्सों में बांटा, नवंबर-दिसंबर में पहले, मार्च-अप्रैल में दूसरे टर्म के एग्जाम होंगे

नई दिल्ली, ५ जुलाई (नेट)। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने साल २०२१-२२ के एकेडमिक सेशन के लिए १०वीं और १२वीं के सिलेबस में बड़े बदलाव किए हैं। इसके तहत साल २०२१ के बैच के लिए बोर्ड परीक्षाएं २ बार में कराई जाएंगी। सीबीएसई ने सोमवार को जारी सर्कुलर में बताया कि २०२१-२२ के एकेडमिक सेशन को २ टर्म में बांटा गया है। हर टर्म में ५० प्रतिशत सिलेबस को कवर किया जाएगा। पहले टर्म की परीक्षा नवंबर-दिसंबर और दूसरे टर्म की मार्च-अप्रैल में होगी। ये टर्म एग्जाम ६० मिनट के होंगे। इसका नोटिफिकेशन इसी महीने जारी कर दिया जाएगा।

दोनों टर्म के आधार पर मार्कशीट तैयार होगी। बोर्ड हरेक टर्म के आखिर में बंटे हुए सिलेबस के आधार पर परीक्षाएं लेगा। बोर्ड प्रश्न पत्र तैयार करके इन्हें स्कूलों को भेज देगा। आंसरशीट के मूल्यांकन की प्रोसेस भी बोर्ड ही तय करेगा। ये परीक्षाएं बाहर से भेजे गए सेंटर सुपरिटेंडेंट और अब्जर्वर्स की निगरानी में की जाएंगी। स्टूडेंट पहले और दूसरे टर्म में जो नंबर हासिल करेंगे, उनके आधार पर फाइनल मार्कशीट तैयार की जाएगी। इसके साथ ही ६वीं-१०वीं के लिए इंटरनल असेसमेंट (पूरे साल टर्म 'एक' और टर्म 'दो' के बावजूद) में ३ पीरियोडिक टेस्ट, स्टूडेंट एनरिचमेंट, पोर्टफोलियो और प्रेक्टिकल वर्क, बोलने और सुनने की एक्टिविटीज शामिल होंगी। ११वीं -१२वीं के लिए इंटरनल असेसमेंट (साल भर में टर्म 'एक' और टर्म 'दो' की अवधि के अलावा) में टॉपिक एंड या यूनिट टेस्ट, रिसर्च एक्टिविटी, प्रेक्टिकल वर्क और प्रोजेक्ट वर्क शामिल किए जाएंगे। सीबीएसई ने स्कूलों को स्टूडेंट की प्रोफाइल तैयार करने को भी कहा है। स्कूल साल भर में किए गए सभी असेसमेंट के लिए स्टूडेंट्स की प्रोफाइल तैयार करेंगे और उसका डिजिटल फॉर्मेट बनाएंगे। बोर्ड ने कहा है कि जब तक स्कूलों में व्यक्तिगत रूप से पढ़ाने की अनुमति नहीं देते हैं, तब तक स्कूल डिस्टेंस मोड में पढ़ाना जारी रखेंगे। सीबीएसई ने कोरोना महामारी को देखते हुए यह फैसला लिया है। २०२२ की १०वीं-१२वीं बोर्ड परीक्षाओं की योजना के बारे में सीबीएसई ने कहा कि इंटरनल असेसमेंट और प्रोजक्ट वर्क को और ज्यादा भरोसेमंद और वैलिड बनाने की कोशिश जारी रहेगी। इससे पहले बोर्ड ने इस साल होने वाली १०वीं-१२वीं की परीक्षा भी कोरोना के कारण रद्द कर दी थी।

## नगर पालिका की बोर्ड बैठक आज

- पक्ष-विपक्ष की खींचतान से हंगामे की बढ़ रही संभावनाएं
- चेयरमैन बोली: नगर विकास के मुद्दे पर सभासद उनके साथ
- राजीव शर्मा ने डीएम को पत्र सौंप की पर्यवेक्षक की मांग

मुजफ्फरनगर, 05 जुलाई (बु.)। नगरपालिका परिषद् में करीब 6 माह बाद मंगलवार 6 जुलाई को होने वाली बोर्ड बैठक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्षी खेमे के बीच घमासान होने के आसार बन रहे हैं। विपक्षी खेमे के सभासदों ने चेयरमैन को घेरने के लिए डीएम को शिकायत दर्ज कराते हुए बैठक में पर्यवेक्षक नियुक्त कराने की मांग की है। वहीं इन सभासदों ने चेयरमैन पर बोर्ड बैठक के लिए जारी संशोधित एजेंडे को लेकर सवाल उठाते हुए इसे नियम विरुद्ध बता जांच की मांग की है।

नगरीय क्षेत्र के विकास को लेकर मंगलवार 6 जुलाई को नगरपालिका प्रशासन की ओर से आयोजित कराई जा रही बोर्ड बैठक पक्ष-विपक्ष के सभासदों की प्रतिष्ठा का प्रश्न बनती दिख रही है, जिसमें पालिका प्रशासन के द्वारा कुल 69 प्रस्ताव एजेंडे में शामिल किए हैं, इनमें प्रस्ताव 404 विशेष बजट प्रस्ताव है। इस बोर्ड बैठक को लेकर विपक्षी खेमा चेयरमैन अंजू अग्रवाल को घेरने के लिए प्रयासरत है, वहीं चेयरमैन अंजू अग्रवाल द्वारा भी बोर्ड बैठक को संपन्न कराने के लिए पूर्ण बहुमत होने का दावा किया गया है। विपक्षी खेमे के सभासद राजीव शर्मा द्वारा बोर्ड की प्रत्याशा में चेयरमैन द्वारा किए भुगतान को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। वहीं उनकी एक शिकायत पर ईओ द्वारा जांच में चेयरमैन को क्लीन चिट दिए जाने को लेकर वें आक्रामक से दिखाई दे रहे हैं। सोमवार को सभासद राजीव शर्मा व सभासद कुसुमलता पाल द्वारा डीएम को शिकायत करते हुए कहा है कि 28 जून को चेयरमैन-ईओ द्वारा संयुक्त रूप से 69 प्रस्तावों वाला एजेंडा जारी करते हुए 6 जुलाई को बोर्ड बैठक आहुत होने की जानकारी सभासदों को दी थी। इसमें बजट का विशेष प्रस्ताव भी शामिल है। सभासद राजीव शर्मा ने अपनी शिकायत में कहा कि सभी सभासदों द्वारा जनवरी 2021 से लगातार चेयरमैन को बजट के लिए बैठक बुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा था ताकि पालिका द्वारा कोविड काल में किये जाने वाले किसी भी प्रकार के कार्य प्रभावित न हो, लेकिन उनके द्वारा हठधर्मिता अपनाते हुए बोर्ड बैठक नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सभासदों का दबाव बनने पर उन्होंने 6 जुलाई को बोर्ड बैठक बुलाई, इसमें उनके द्वारा 3 जुलाई को ईओ और स्वयं अपने हस्ताक्षर से एक संशोधित एजेंडा जारी किया, जो सभासदों को 4 जुलाई की शाम तक मिला है। इसमें कहा गया है कि एजेंडे में शामिल प्रस्ताव 404 विशेष बजट प्रस्ताव है, इसके अतिरिक्त प्रस्ताव 403 और 405 से लेकर 471 तक के प्रस्ताव सामान्य श्रेणी के हैं। सभासद राजीव शर्मा का कहना है कि संशोधन आदेश से स्पष्ट है कि चेयरमैन अभी भी वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु बजट प्रस्ताव विशेष 404 को जानबूझ कर अलग करते हुए अन्य तमाम प्रस्ताव पारित कराना चाहती है, जबकि मूल एजेन्डा निर्गत करते हुए विशेष बोर्ड बैठक आहूत किये जाने का उल्लेख किया गया था। बजट पास न होने के कारण अनेकों विकास कार्य प्रभावित हैं तथा पालिका के रोजमर्रा के कार्यो में भी धन आवंटन सम्भव नहीं है। उन्होंने मामले में डीएम से जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही भाजपा सभासदों ने बोर्ड बैठक में अव्यवस्था और नियम विरुद्ध कार्य होने की आशंका व्यक्त करते हुए डीएम से एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति कराने के साथ ही प्रस्ताव 404 बजट पर चर्चा के उपरान्त अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की कार्यवाही कराने के निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में शहर के हितों को लेकर एकजुट हैं। प्रशासन पर्यवेक्षक नियुक्त करना चाहे तो स्वागत है। हमने कोई काम नियमों के विपरीत नहीं किया है।

## लुहारी राजवाहे में सड़ा- गला शव मिला

चरथावल, ५ जुलाई (बु.)। पुलिस ने बताया कि रविवार रात में लुहारी रजबाहे में बहकर आ रहे शव की सूचना गांव के चौकीदार सुभाष द्वारा मिली। दधेडू चौकी प्रभारी ने दधेडू के पास बाहर निकलवाया। पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक का शव पूरी तरह सड़ी-गली हालत में मिला है। शरीर पर कोई चोट का निशान प्रतीत नहीं हो रहा था और नग्न अवस्था में था। मृतक की उम्र करीब ४० साल होगी। पुलिस को गंग नहर में डूबकर उसकी मौत होने की आशंका है। एचएसओ की तरफ से जिले के तमाम थानों में शव की शनाख्त के लिए मृतक के फोटो सहित सूचना भिजवाई है।

## भाजपा के 12 विधायक एक वर्ष के लिए निलंबित

मुंबई, 05 जुलाई ( वार्ता ) महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ ''दुर्व्यवहार'' करने के कथित आरोप में भारतीय जनता पार्टी के 12 विधायकों को विधानसभा से एक साल के लिए सोमवार को निलंबित कर दिया गया। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अनिल परब ने विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। जिन 12 विधायकों को निलंबित किया गया है उसमें आशीष शेलार, राम सतपुते, अभिमन्यु पवार, गिरीश महाजन, संजय कुटे, पराग अलवानी, हरीश पिंपले, योगेश सागर, जय कुमार रावत, नारायण कुचे, बंटी बांगड़िया और अतुल भातखलकर शामिल हैं।

## फिलीपींस विमान हादसे के मृतकों की संख्या 50 हुई

मनीला, 05 जुलाई ( वार्ता/स्पूतनिक ) फिलीपींस में सैन्य विमान दुर्घटना में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 50 हो गयी है और 49 अन्य घायल हैं। एबीएस सीबीएन ने फिलीपींस के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मेजर जनरल एडगार्ड अरेवलो ने सोमवार को बताया कि अधिकारियों ने शेष पांच लापता सैनिकों के शव बरामद किये हैं जिसके बाद विमान हादसा के मृतकों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। मृतकों में 47 जवान और तीन नागरिक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विमन हादसे में 49 जवान और चार नागरिक घायल भी हुये हैं। इससे पहले जानकारी मिली थी कि दुर्घटना में 45 जवानों की मौत हो गई है और 42 अन्य जीवित बच गये हैं। फिलीपींस सेना के सी-130 हरक्यूलिस विमान में 80 से अधिक लोग सवार थे। रविवार को हवाई पट्टी पर उतरने के दौरान यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



भगत सिंह रोड पर कुछ इस तरह लगा दिखा भीड़ का नजारा।

## वीकेण्ड लॉकडाउन के बाद सड़कों पर उतरा जनसैलाब, हर तरफ जाम ही जाम

- चिलचिलाती धूप और पसीना-पसीना करने वाली गर्मी का भी लोगों पर नहीं दिखा असर
- वाहनों की रेलमपेल के आगे पुलिस भी नजर आई बेबस, गर्मी के चलते कई चौराहों पर नदारद रहे पुलिसकर्मी

मुजफ्फरनगर, ५ जुलाई (बु.)। दो दिन के लॉकडाउन के बाद सोमवार को बाजार खुले, तो हर तरफ जाम ही जाम नजर आया। चिलचिलाती धूप और पसीना कर देने वाली गर्मी का भीड़-भाड़ पर कोई असर देखने को नहीं मिला। ट्रैफिक के आगे कही पुलिसकर्मी बेबस नजर आए, तो कई चौराहों पर पुलिसकर्मी गर्मी से बचने को काफी दूर खड़े नजर आए। सोमवार को दो दिन के लॉकडाउन के बाद बाजार खुले, तो जन सैलाब सड़कों पर उतर आया। शहर में हर तरफ जाम ही जाम नजर आया। सोमवार को भीड़ आना स्वाभाविक था, लेकिन बड़ी तादाद में लोगों के आने के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। कोई ऐसा इलाका नहीं बचा, जहां लोगों को जाम से दो चार ना होना पड़ा हो। महावीर चौक से लेकर अलमासपुर तक दिन भर जाम के हालात बने रहे। जानसठ ओवरब्रिज पर सबसे बुरा हाल देखने को मिला। वाहन चालकों के आगे निकलने की होड़ में लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों में दो बार तो मारपीट की नौबत तक आ गई। महावीर चौक पर तैनात पुलिसकर्मी साइड में पसीना सुखाते नजर आए। ऐसी ही स्थिति अंसारी रोड पर देखने को मिली। यहां ई-रिक्शाओं की वजह से हालात बद से बदतर रहे। आर्यपुरी से अंसारी रोड आने वाली गलियां भी पूरी तरह चोक रही। रुड़की रोड पर जिला अस्पताल और चंद्रा सिनेमा के पास भी दिन भर रुक-रुक कर जाम लगता रहा। टाउन हॉल रोड पर तीसरे पहर तक ट्रैफिक का दबाव रहा। इसके अलावा भोपा रोड, शामली रोड पर लोगों को जाम की मार झेलनी पड़ी। चिलचिलाती धूप और गर्मी के बावजूद दिन भर भीड़ के आवागमन पर कोई असर नहीं दिखाई दिया। तीन बजे के बाद हालात में थोड़ा सुधार आया। शाम होते ही शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ गया।

## करंट लगने से युवक की मौत

खतौली, ५ जुलाई (बु.)। एक युवक की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के मौहल्ला सराफान निवासी शाहरुख (२८) रविवार रात के समय अपने घर पर सोया था। रात में वह किसी वजह से उठा, तो पास ही चल रहे कूलर से उसका हाथ टच हो गया। कूलर में तेज करंट आने से शाहरूख उसकी चपेट में आ गया। चीख पुकार की आवाज पर परिजनों की आंख खुली। जब तक परिजनों ने उसे बचाया, तब तक शाहरूख की मौत हो गई। उसे चिकित्सक को भी दिखाया, लेकिन चिकित्सक ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पूरे मौहल्ले में शोक व्याप्त हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को दफना दिया।

## मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद पर बहाल

हैदराबाद, 05 जुलाई ( वार्ता ) पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ( एचसीए ) के अध्यक्ष पद पर फिर से बहाल कर दिया गया है। लोकपाल न्यायमूर्ति ( सेवानिवृत्त ) दीपक वर्मा ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए अजहरुद्दीन को निलंबित करने वाले एपेक्स काउंसिल के पांच सदस्यों पर कारवाई करते हुए उन्हें अस्थाई रूप से अयोग्य कर दिया है।

MG World Vision School
MG WORLD VISION SCHOOL
LABOR VINCIT OMNIA
BRITISH COUNCIL
INTERNATIONAL SCHOOL AWARD 2019-22
Affiliated to CBSE (upto Class XII) Affiliation No:2133266
ADMISSIONS OPEN
For Class XI (2021-22)
The choices made in Present carve the outcomes of Future
Live your dream - Choose the school with:
*All three streams (Science, Commerce, Humanities)
*Maximum subject choices in the city (28)
*Experienced Staff
*Excellent Academics
*Infrastructure, discipline, security & hygiene to boast of
Walk-in to avail special waiver
Only 25% tuition fee for meritorious studetns
Enquiry: over phone-9319914761, 7900910222, online-www.mgworldvision.com or walk-in between 10:00 am to 01:00 pm in the school campus
Subjects Offered
English, Hindi, Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Accountancy, French, Sanskrit, Artificial Intelligence, Business Studies, History, Political Science, Sociology, Economics, Psychology, Painting, Engg. Graphics, Legal Studies, Hindustani Music Vocal, Kathak Dance, Geography, Marketing, Physical Education, Computer Science (New), Entrepreneurship, Fashion Studies, Library & Information Science
Vasundhara Residency, Parikrama Marg, Muzaffarnagar, UP, India
mgworldvision.com 7900910111, 7900910222 info@mgworldvision.com mgworldvision

